आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिला के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड 84 लाख रुपये की लागत की चार विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें गुम्मा में निर्मित एचपीएमसी सीए स्टोर, कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन और टाइप–2 पुलिस क्वार्टर का उद्घाटन जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई में निर्मित होने वाले लेवल–3 ट्रॉमा सेंटर की आधारशिला शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गुम्मा एचपीएमसी सीए स्टोर और कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन का निरीक्षण भी किया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नौतोड़ भूमि प्रस्ताव पर राजभवन ने कुछ आपतियां लगाई हैं जिनका जवाब सरकार से मांगा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से अब तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिला है। राज्यपाल ने कहा कि वे नौतोड़ के खिलाफ नहीं है मगर हर कार्य नियमों के अनुसार किया जाएगा।

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि यह विधेयक दो साल से राजभवन में लम्बित है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले पर राज्यपाल से कई बार मुलाकात कर चुके है। राजस्व मंत्री ने कहा कि राज्यपाल के किन्नौर दौरे के दौरान भी विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात कर इस प्रस्ताव को स्वीकृति देने की गुहार लगाई थी।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में जल्द ही स्क्रैप नीति लागू करेगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रदेश में स्क्रैप को लेकर कोई पॉलिसी नहीं है और संबंधित अधिकारियों व हितधारकों के साथ इस संबंध में चर्चा की जा रही है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि ठियोग में हुए पानी आपूर्ति के घोटाले में सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि एक साल पहले शुरू हुए घोटाले की सरकार को पहले तो भनक तक नहीं लगी और जब मामले से जुड़े लोगों ने ही पानी की सप्लाई पर सवाल उठाया तब भी सरकार ने चुप्पी साधे रखी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में जितने भी लोग जुड़े हैं सभी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में दिखाई गई सुस्ती सरकार की नीयत पर भी सवाल खड़े करती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश भर में हुई पानी की इस तरह की सप्लाई की भी जाँच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

मौसम

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक वृद्धि दर्ज की गई है जिससे लोगों को सर्दी के मौसम में गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि शिमला में लगभग 19 साल बाद जनवरी के महीने में सबसे ज्यादा 22 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है जबकि इससे पहले 30 जनवरी 2006 को अधिकतम तापमान 21 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया था। अब तक के इतिहास में 3 जनवरी का दिन शिमला का सबसे गर्म दिन दर्ज हो गया है। हालांकि मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान लगाया है जिसका असर 6 जनवरी को व्यापक रूप

से देखने को मिलेगा। इस दौरान राज्य के ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

बल्क ड्रग पार्क

ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पोलियाँ गांव में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के लिए पानी की व्यवस्था पर 66 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। जल शक्ति विभाग के अनुसार यह कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा और इसमें पेयजल आपूर्ति के अलावा वर्ष जल संग्रहण कार्य शामिल होंगे। बल्क ड्रग पार्क परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा बिजली, सड़कों और जलापूर्ति योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। इस पार्क पर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर दवाइयाँ बनाई जाएंगी जिससे भारत को विदेशों से जरूरी दवाओं का आयात न करना पड़े।

———————————————